लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 28.1.2024 पृष्ठ सं. 1 कॉलम 1-8



# कल जब यह सुबह होगी....



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम............दैनिक भास्कर
दिनांक 28-4-2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 2

## एचएयू कुलपति ने की आरोग्य सेतु एप मोबाइल में डाउनलोड करने की अपील

हिसार| एचएयू के कुलपति ने छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ से आरोग्य सेतु एप का प्रयोग करने की अपील की है।

कुलपति डॉ. केपी सिंह ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आरोग्य सेतु नामक एक मोबाइल एप विकसित किया गया है। यह एक ब्लूटूथ और लोकेशन आधारित कोविड-19 ट्रैकर है। आरोग्य सेतु ऐप का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की पहल को बढ़ाना है तथा इस एप के उपयोगकर्ताओं को लगातार कोविड-19 के जोखिमों, सर्वोत्तम अभ्यास और प्रासंगिक सलाह से संबंधित सूचनाएं देना है। आपका यह प्रयास कोविड-19 के खिलाफ देश की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 28.4.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1

# कोराना से बचाने का काम करेगा आरोग्य सेतु एप : प्रो. सिंह

जासं, हिसार : भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आरोग्य सेतु मोबाइल एप विकसित किया गया है। यह एक ब्लूटूथ तथा लोकेशन आधारित कोविड-19 ट्रैकर है। आरोग्य सेतु एक संस्कृत भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'ए ब्रिज ऑफ हेल्थ'। एप का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग की पहल को बढ़ाना है एप के उपयोगकर्ताओं को लगातार कोविड-19 के जोखिमों, सर्वोत्तम अभ्यास और प्रासंगिक सलाह से संबंधित सूचनाएं देना है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने भारत व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की है कि विश्वविद्यालय समस्त परिवार अनिवार्य रूप से आरोग्य सेतु एप को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड करें तथा दूसरों को भी इस एप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें ताकि उन्हें भी कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे से संबंधित जानकारी मिलती रहें।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....निर्णय शक्ति टाइम्स....

दिनांक 27-4-2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 6-8

# वीसी ने आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने का किया आह्वान

**हिसार।** भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आरोग्य सेतु नामक एक मोबाइल एप विकसित किया गया है यह एक ब्लूटूथ तथा लोकेशन आधारित कोविड-19 ट्रैकर है।

आरोग्य सेतु एप का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की पहल को बढ़ाना है तथा इस ऐप के उपयोगकर्ताओं को लगातार कोविड-19 के जोखिमों, सर्वोत्तम अभ्यास और प्रासंगिक सलाह से संबंधित सूचनाएं देना है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने भारत व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियो, शिक्षकों, वैज्ञानिको, कर्मचारियों, व विद्यार्थियों का आह्वान किया कि विश्वविद्यालय समस्त परिवार अनिवार्य रूप से आरोग्य सेतु ऐप को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड करें तथा दूसरों को भी इस एप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें ताकि उन्हें भी कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे से संबंधित नवीनतम जानकारी मिलती रहें। उन्होंने कहा कि आपका यह प्रयास कोविड-19 के खिलाफ देश की लडाई में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रो. सिंह ने सभी से लॉकडाउन के नियमों का पालन कर स्वस्थ व सुरक्षित रहने की कामना की।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक 28-4-2020 ...... पृष्ठ सं. 2 ...... कॉलम 3-4

# एचएयू में डांस, म्यूजिक और पोस्टर मेकिंग ऑनलाइन कम्पीटिशन आज से

हिसार | एचएयू के वीसी प्रो. केपी सिंह की अगुवाई और उनके योग्य मार्गदर्शन में एचएयू के भिन्न-भिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। जिससे लॉकडाउन के दौरान छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सके। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाउन के इस कठिन समय में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं। डॉ. अपर्णा शर्मा एवं डॉ. राजेश कथवाल को लिटरेरी फेस्ट 2020 की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि डॉ. अरुण भाटिया फोटोग्राफी एंड पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं करवा रहे हैं। प्रतियोगिताएं 28 अप्रैल से मई के द्वितीय सप्ताह तक चलेंगी।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 28. 4. 2020........ पृष्ठ सं.................. कॉलम..................

## हकृवि में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई और उनके मार्गदर्शन में विवि के भिन्न-भिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। छात्र कल्याण निदेशालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाउन में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं। डॉ. अपर्णा शर्मा एवं डॉ. राजेश को लिटरेरी फेस्ट 2020 की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि डॉ. अरुण भाटिया फोटोग्राफी ऐंड पोस्टरमेकिंग की प्रतियोगिताएं करवा रहे हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं 28 अप्रैल से मई के द्वितीय सप्ताह तक चलेंगी। विद्यार्थी जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट एवं छात्र कल्याण निदेशालय से प्राप्त कर सकते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... हरि. भूमि
दिनांक 28.4.2020 पृष्ठ सं. 10 कॉलम 1

## ऑनलाइन डांस व सिंगिंग कंपीटीशन

हिसार। हकृवि में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि लॉकडाउन के इस दौर में छात्रों की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सके। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाउन के इस कठिन समय में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक ट्रिब्यून....
दिनांक 28. 4. 2020 पृष्ठ सं. 8 कॉलम 5

# हकृवि में ऑनलाइन होंगी प्रतियोगिताएं

हिसार, 27 अप्रैल (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा है कि लॉकडाउन के चलते सभी विभागों में शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को आयोजन ऑनलाइन करवाया जाएंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के भिन्न-भिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि लॉकडाउन के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सके। जिसके लिए छात्र कल्याण निदेशालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रसास कर रहा है। उन्होंने बताया कि संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जाएंगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी
दिनांक: 28.4.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 6

# हकृवि में करवाई ऑनलाइन प्रतियोगिताएं

हिसार, 27 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भिन्न-भिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि लॉकडाऊन के इस दौर में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सकें। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाऊन के इस कठिन समय में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डा. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं। डा. अपर्णा शर्मा एवं डा. राजेश कथवाल को लिटरेरी फेस्ट 2020 की जिम्मेदारी दी गई है जबकि डा. अरुण भाटिया फोटोग्राफी एंड पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं करवा रहे हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं 28 अप्रैल से शुरू होकर मई के द्वितीय सप्ताह तक चलेंगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....
दिनांक 27.4.2020 पृष्ठ सं.......... कॉलम..........

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई और उनके योग्य मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के भिन्न-भिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि लॉकडाउन के इस दौर में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सके।

छात्र कल्याण निदेशालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाउन के इस कठिन समय में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं। डॉ. अपर्णा शर्मा एवं डॉ. राजेश कथवाल को लिटरेरी फेस्ट 2020 की जिम्मेदारी दी गई है जबकि डॉ. अरुण भाटिया फोटोग्राफी एंड पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं करवा रहे हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं 28 अप्रैल से शुरू होकर मई के द्वितीय सप्ताह तक चलेंगी। विद्यार्थी विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्यार्थी आरोग्य सेतु एप को करें डाउनलोड: डॉ. केपी सिंह

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आरोग्य सेतु नामक एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है यह एक ब्लूटूथ तथा लोकेशन आधारित कोविड-19 ट्रैकर है। आरोग्य सेतु एक संस्कृत भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'ए ब्रिज ऑफ हेल्थ'। आरोग्य सेतु ऐप का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की पहल को बढ़ाना है तथा इस ऐप के उपयोगकर्ताओं को लगातार कोविड-19 के जोखिमों, सर्वोत्तम अभ्यास और प्रासंगिक सलाह से संबंधित सूचनाएं देना है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने भारत व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों/शिक्षकों/वैज्ञानिकों/कर्मचारियों/छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की है कि विश्वविद्यालय समस्त परिवार अनिवार्य रूप से आरोग्य सेतु ऐप को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड करने का कष्ट करें तथा दूसरों को भी इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें ताकि उन्हें भी कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे से संबंधित नवीनतम जानकारी मिलती रहे। आपका यह प्रयास कोविड-19 के खिलाफ देश की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रो. सिंह ने सभी से लॉकडाउन के नियमों का पालन कर स्वस्थ व सुरक्षित रहने की कामना की।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....मिलेनियम शोरोडा टाइम्स....
दिनांक 27.4.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 6-7

# हकृवि में ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अगुवाई में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि लॉकडाउन के इस दौर में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनकी प्रतिभाओं को बरकरार रखा जा सकें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लॉकडाउन के इस कठिन समय में विद्यार्थियों की निरंतर क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा गायन, नृत्य एवं नाट्य की प्रतियोगिताएं डॉ. संध्या शर्मा के नेतृत्व में कराई जा रही हैं। डॉ. अपर्णा शर्मा एवं डॉ. राजेश कथवाल को लिटरेरी फेस्ट 2020 की जिम्मेदारी दी गई है जबकि डॉ. अरुण भाटिया फोटोग्राफी एंड पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं करवा रहे हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं 28 अप्रैल से शुरू होकर मई के द्वितीय सप्ताह तक चलेंगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक 28-4-2020 .... पृष्ठ सं. 4 .... कॉलम 7-8

# युवक एचएयू में हर रोज साढ़े 400 स्ट्रे डॉग्स को दोस्तों के सहयोग से खिला रहा भोजन

भास्कर न्यूज़ | हिसार



एचएयू परिसर में पहुंचकर डॉग्स को भोजन खिलाते हुए।

लॉकडाउन के बाद मानव सेवा में तो शहर की अलग-अलग संस्थाएं और लोग जुटे हुए हैं मगर बेजुबानों की देखभाल करने वाले विरले ही लोग हैं। यूपीएससी की तैयारी में जुटा शहर का एक युवक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दोस्तों से पैसे इकट्ठे करता है और इस पैसे से स्ट्रीट्स डॉग के लिए भोजन खरीदता है। हर रोज सुबह के वक्त ये स्कूटी पर इन डॉग्स का भोजन रखकर एचएयू में निकलता है और अपने हाथों से एक-एक डॉग को भोजन खिलाता है।

**एचएयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर से स्पेशल एंट्री की छूट लेकर कर रहा है सेवा :** यूपीएससी की तैयारी कर रहे निशांत ने बताया कि लॉकडाउन में स्ट्रे डॉग्स के भोजन की व्यवस्था को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इसी को देखते हुए उन्होंने अपने दोस्तों से बात की। उन्होंने आपस में डिस्कस किया कि एचएयू में ही 400 से 500 डॉग्स हैं। पहले लोग यहां हर रोज मॉर्निंग व इवनिंग वॉक पर आते थे तो इन्हें भोजन मिल जाता था। मगर जब से लॉकडाउन में इन्हें भोजन नहीं मिल रहा। इसको लेकर उन्होंने एचएयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर से बात की। बातचीत करने के साथ ही एचएयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ने उन्हें एंट्री को लेकर दो घंटे की छूट दे दी।